### नए एसएसपी ने की पुलिस पदाधिकारियों के साथ पहली क्राइम मीटिंग

# जमीन विवाद से दूर रहे थानेदार, अनुशासन में रह कर करें काम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सीनियर एसपी का पदभार संभालने के बाद पहली बार एसएसपी चंदन सिन्हा ने राजधानी के सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग की ,बैठक में एसएसपी ने राजधानी में सक्रिय सभी बड़े से लेकर छोटे अपराधियों पर कार्रवाई करने से लेकर जुआ मटका और ड्रग्स कारोबारियों पर नकेल कसने की हिदायत अपने थानेदारों को दी है।वही एसएसपी ने सभी थानेदारों किसी भी तरह के जमीन विवाद स्व दूर रहने की हिदायत दी है।

**थानेदार करें कार्रवाई नहीं तो नपेंगे**

मीटिंग के दौरान एसएसपी ने थानेदारों को कड़ा निर्देश दिया है,जमीन मामले को लेकर किसी भी तरह के विवाद में पुलिस का नाम नही आना चाहिए।जमीन विवाद में पुलिस तब ही हाथ डाले जब मामला कानून व्यस्था के भंग होने का हो।एसएसपी ने मीटिंग में यह भी निर्देश दिया कि मटका और नशे के कारोबार पर भी ब्रेक लगाए , जिस थाना क्षेत्र में मटका का अड्टा, शराब और ड्रग्स की बिक्री होती है और अगर इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों को मिलती है और अगर पुलिस की स्पेशल टीम छापेमारी कर मटका का संचालन करने वाले और ड्रग्स बेचने वालों को पकड़ती है, तब यह माना जाएगा कि संबंधित इलाके के थानेदार की मिलीभगत से अड्डे का संचालन हो रहा है। ऐसी स्थिति में संबंधित इलाके के थानेदार पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने थानेदारों को यह भी निर्देश दिया कि छिनतई, बाइक चोरी और गृहभेदन आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाना जरूरी है।इसके लिए अपराधियों की सूची बनाएं, बैठक में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ,सिटी एसपी राजकुमार मेहता के अलावा जिले के सभी डीएसपी और थानेदार शामिल थे।

**ट्रैफिक को लेकर विशेष ध्यान दें**

रांची एसएसपी ने बैठक में बताया कि राजधानी में कई ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से ट्रैफिक पर काफी बोझ बढ़ा है। इस संबंध में सभी थानेदारों से ट्रैफिक मैनेजमेंट कैसा हो इसके लिए सुझाव मांगा गया है ,ताकि उसे पर अमल करते हुए फ्लावर का निर्माण के पहले तक ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखा जा सके।

**अनुशासन पर जोर :** मीटिंग के दौरान एसएसपी ने सभी थानेदारों को अनुशासन पर ध्यान देने की बात कही है, थाने में आने वाले हर व्यक्ति की बात सुनना है, उनके समस्या को त्वरित समाधान करना है।

**बाइक चेकिंग के लिए बनेगा डेटा :** एसएसपी ने सभी को यह निर्देश दिया है कि प्रत्येक दिन अपने अपने क्षेत्र में बाइक चेकिंग का अभियान चलाएं बाइक चेकिंग अभियान के दौरान सिर्फ बाइक चेकिंग कर छोड़ देने से नहीं चलेगा, हर चेक की गई बाइक का डाटा तैयार कर हर दिन थाने में अपडेट करना होगा।

**अपराधियों की बनाएं सूची :** हत्या, लूट, रंगदारी व छिनतई करने वाले अपराधियों की अलग-अलग सूची तैयार की जाएगी।एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में सभी थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के वांटेड अपराधियों की अलग से सूची तैयार करें,इसकी कॉपी एसएसपी कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाए।

**पूजा को लेकर करे तैयारी :** एसएसपी ने दुर्गा को लेकर भी थानेदारों को सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है, उन्होंने थानेदारों से कहा है कि वे प्रतिदिन अपने क्षेत्र में गश्त लगाएं, शांति भंग करने वालों को चिहिन्त करें, उन पर 107 कराएं।

### रिम्स के सफाई कर्मी की तालाब में डूबने से मौत

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के तेतर टोली तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम संजय मुंडा है और वह नया टोली का रहने वाला था। संजय रिम्स हॉस्टल नंबर तीन में साफ-सफाई का काम किया करता था। मृतक की बहन रजनी देवी ने पुलिस को बताया कि उनका भाई संजय अत्याधिक शराब का सेवन किया करता था और वह मिरगी रोग से ग्रसित था। रविवार की सुबह वह तेतर टोली तालाब के पास से गुजर रही थी। इस दौरान देखा कि तालाब के पास काफी भीड़ लगी हुई थी। जब वह करीब पहुंची तो देखा कि उसके भाई का शव तालाब में तैर रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची बरियातू पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। आशंका जतायी जा रही है कि अत्याधिक शराब के सेवन से ही संजय तालाब में गिर गया और उसकी मौत हो गई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ज्योति सिंह मथारू ने आयोग का उपाध्यक्ष बनाने पर अभार जताया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सरदार ज्योति सिंह मथारू झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाये जाने पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार जताया और कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा।

### दुर्गा सोरेन की प्रतिमा का अनावरण, चंपई सोरेन ने भरी हुंकार, कहा

# सरकार गिराने के प्रयास में जुटे हैं कुछ लोग, मगर हम न डरेंगे ना झुकेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्व। दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने लोवाडीह, नामकुम में रविवार को की। स्व। दुर्गा सोरेन की 55वीं जयंती समारोह का आयोजन स्व। दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के बैनर तले आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने हुंकार भरते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की मार्ग पर चलने वाले दुर्गा सोरेन आज हमारे बीच नहीं है। मगर शिबू सोरेन की आग में तपकर दुर्गा सोरेन बड़े हुए थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभायी। वे झारखंडियों के मान-सम्मान और हक-अधिकार के प्रतीक थे। आज उनकी कमी महसूस होती है। जो काम 18-20 सालों में विपक्ष वाले नहीं कर पाये। वो सारे काम हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। हमारी सरकार के काम भाजपा वालों को हजम नहीं हो रहा है। हर समय हमारी सरकार को अस्थिर और गिराने में लगी है। मगर हम और हमारे कार्यकर्ता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दुर्गा सोरेन के मार्ग पर चलने वाले लोग हैं। हम न डरेंगे और ना ही भागेंगे। जरूरत पड़ी तो फिर से तीर-धनूष निकाल कर चल पड़ेंगे। दुर्गा सोरेन की पत्नी और नाला विधायक सीता सोरेन ने कहा कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था, मगर उस समय हमारी सरकार नहीं थी। आज मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री हेमंत सोरेन के सौजन्य से दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा लग गई है। यह काफी हर्ष का विषय है। हेमंत जी-20 की बैठक में जाने के कारण उपस्थित नहीं सके। मगर उनका योगदान और स्मारक समिति का योगदान झामुमो कार्यकर्ता कभी भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार झारखंडियों के विकास के लिए हर काम कर रही है। मगर भाजपा के लोग हमारी सरकार को परेशान कर रहे हैं। इसलिए संगठन मजबूत करना होगा और सरकार भी बचानी होगी। तालमेल के साथ चलना होगा। सारा दायित्व हमलोगों पर है। उन्होंने कि आने वाले 2024 में फिर से हमारी सरकार यहां बनेगी और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में दिल्ली में भी सरकार बनेगी।

## सशक्तीकरण अभियान के तहत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन में रविवार को सशक्तीकरण अभियान के तहत संगठन निर्माण की समीक्षा बैठक की। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से किए गए भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को घर घर तक पहुंचाने के लिए सभी जिला प्रभारी महासचिव, सचिव सह विधानसभा प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष मिलकर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करें। महंगाई बेरोजगारी एवं नफरत से लड़ने के लिए सशक्त संगठन बनाकर केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि मंडल एवं पंचायत स्तर तक गठित कमिटियों का सत्यापन कर अविलंब प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट करें। बूथ कमिटी बनाने की शुरूआत करें। ज़िले के प्रकोष्ठ एवं विभाग के अद्यतन स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक फेरबदल के लिए अनुशंसा करें। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करना है।

### दुर्गा पूजा को लेकर 15 को बैठक

**मुरी।** श्री श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर मुरी मे दुर्गा पुजा की तैयारी को लेकर 15 तारीख शुक्रवार शाम 7 बजे एक अवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसकी जानकारी श्री वैष्णवी दुर्गा पुजा कमिटी के सचिव अशोक सिंह ने दी है।

### आजसू ग्रामीण प्रभारियों की बैठक संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार कोआजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय सिल्ली में ग्राम प्रभारियों की आवश्यक बैठक रखी गई। इस आवश्यक बैठक की अध्यक्षता सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक तथा संचालन बुद्धिजीवी मंच कोषाध्यक्ष सह ग्राम प्रभारी टुटकी धीरेंद्र नाथ महतो ने किया। बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया की सभी प्रभारी अपने अपने कर्मक्षेत्रों में जाकर चूल्हा प्रमुखों से सम्पर्क कर कार्य में गति देना है यदि चूल्हा प्रमुखों की संख्या बढ गया है तो अतिशीघ्र सूचिबद्ध कर हमेशा सम्पर्क में रहें। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख श्री जितेन्द्र बड़ाईक, धीरेंद्र नाथ महतो, शिशुपाल महतो, मुरलीधर महतो, शिशिर कुमार सिंह, लालसिंह मुण्डा, बिनोद महतो,दिनेश चन्द्र माँझी, मंजित महतो,नान्हू महतो, प्रदीप महतो, दिलीप महतो, दिपक सरकार, सोमरा मांझी एवं अन्य प्रभारी उपस्थित थे।

### झामुमो की सरकार में भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ा : विधायक

**पाटन-छतरपुर।** पाटन विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व एमपी मनोज कुमार ने पाटन के सगुना पंचायत के नवादा गांव में जिजोई नदी पर पूल निर्माण की शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह में विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि हेमन्त सोरेन के कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार की घटना बढ़ी है। हेमन्त की सरकार में महिलाओं, बेटियां सुरक्षित नहीं है। कोरेना काल में दो साल विकास कार्य ठप्प रहा। हेमन्त की सरकार में बालू की लूट हो रही है तो दूसरी तरफ गरीबों को बालू नसीब नहीं है, पीएम आवास नहीं बना पा रहे हैं गरीब पीएम आवास के लाभकों। बीजेपी के विधायक के क्षेत्र में विकास के कार्य पर ग्रहण लगाया जाता है। विकास कार्य के स्वीकृति में अवरोध पैदा किया जाता रहा है। पलामू लगातार दो सालों से सुखाड़ के चपेट में है। एक तरफ इंद्र भगवान की कोपभाजन तो दूसरी तरफ हेमन्त सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। गांव में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए चापाकल की मांग विधान सभा में उठाती रही, क्षेत्र में चापाकल लगाने की स्वीकृति पर निर्णय नहीं लिया गया। आने वाला विधान सभा चुनाव में राज्य की जनता सरकार को सबक सीखाएगी। पूर्व एमपी मनोज कुमार ने कहा कि जिजोई नदी पर पुल बन जाने से एक दर्जन से अधिक गांवों की आवागमन बेहतर हो जाएगा तथा क्षेत्र की आर्थिक- समाजिक प्रगति होगा। इसके पहले भी जिजोई नदी पर पुल निर्माण की निविदा निकाली गई थी लेकिन एक पूर्व जनप्रतिनिधि षड्यंत्र के जद में आने से निरस्त कर दिया गया था। इस क्षेत्र के दर्जनों गांव की काफी अर्से की मांग को पूरी करने का वायदा किया था जिसे आज शिलान्यास कर सपना को साकार किया। मौके पर ज्योति पांडेय भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह संवेदक, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, सगुना मुखिया मंजू देवी- रणजीत सिंह, संजय सिंह, मुक्तेश्वर पांडेय, अभिषेख सिंह, शिव शंकर प्रसाद, उमेश सिंह, राजेश्वर सिंह, राजू सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, संतोष पांडेय,आनन्द सिंह, प्रिंस सिंह,निरंजन पासवान, अरुण दुबे, आदि ने उपस्थित थे तथा पुल शिलान्यास को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। मौके पर विधायक ने विवाह मंडप विधायक कोटे से बनवाने की घोषणा किया। मंच संचालन संजय सिंह एवं रणजीत सिंह ने किया। पुल निर्माण शिलान्यास से क्षेत्र के लोगो मे खुशी देखी गई तथा विधायक एवं पूर्व एमपी को भरपूर स्वागत फूल मालाओं से किया।

### आरयू ने भेजे तीन नोटिस, फिर भी पद पर जमे हैं प्रिंसिपल

**रांची।** योगदा सत्संग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ। श्याम पांडेय को पद से हटाने के लिए रांची विश्वविद्यालय ने तीन बार नोटिस जारी किया, लेकिन प्रिंसिपल अपने पद पर बने हुए हैं। जेपीएससी ने प्रिंसिपल की नियुक्ति की लेकर आपति जताई और रांची विश्वविद्यालय को नोटिस भेजा। जेपीएससी के लेटर के बाद रांची विवि ने योगदा सत्संग कॉलेज को पहला नोटिस 11 /7/23 दूसरा 4/8/23 को भेजा। विवि द्वारा दो दिन पूर्व भेजे गए तीसरे लेटर में कहा गया है कि प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से हटा कर विश्वविद्यालय को सूचित करें और झारखंड यूनिवर्सिटी एक्ट के तहत दूसरे प्रिंसिपल की नियुक्ति करें। प्रिंसिपल की योग्यता की शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी की जा चुकी है। कोंग्रेस विधायक अनूप सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय ने मुख्यमंत्री से मिल कर इसकी शिकायत की थी।

### एम तौसीफ को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाये जाने पर पार्टी का जातया अभार, कहा

# पार्टी की ओर से सौंपी गयी जिम्मेदारी को अच्छे तरीके से निभाने का प्रयास करूंगा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। बता दें कि डॉ तौसीफ कांग्रेस पार्टी की स्टूडेंट विंग एनएसयू ई के छात्र नेता एवं युवा कांग्रेस के पूर्व नेता रह चुके हैं। फिलहाल झारखंड प्रदेश में प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाये जाने पर उन्होंने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम का आभार जताया और कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। डॉ एम तौसीफ हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से हबरा गांव के रहने वाले हैं। आयोग में सदस्य बनाए जाने पर हुसैनाबाद के कांग्रेसी नेताओं उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे, नदीम खान, महताब सिद्दीकी , नवल किशोर पाठक जगदीश राम, मसरूर अहमद, अवधेश सिंह, अवध बिहारी सिंह, मीणा देवी सम्भू सिंह मुजीब उद्दीन खान आदि शामिल हैं।

### नारायण सिंह हत्याकांड का उद्भेदन, एक आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के सारिदकेल साकेटोली गांव में गत छह सितंबर को नारायण सिंह मुंडा की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले का उदभेद्न करते हुए पुलिस ने रविवार को एक आरोपित सुखराम मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की देर शाम पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर हत्याकांड के उद्वेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया। सुखराम मुंडा ग्राम रीदाडी खूंटी का रहने वाला था। छापामारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को इस हत्याकांड में शामिल सुखराम मुंडा को गिरफ्तार कर लिया, जिसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर एक देसी कट्टा गोली और मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया।

### नयी पहल | भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव व नृत्य नाटिका का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न

# गायकों के मधुर भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने रविवार को संस्था के द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नन्दोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के आधार तल्ले के हाल मे बहुत ही धूमधाम मनाया। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे दोपहर 12:30 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी समिति के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से श्री कृष्ण जन्मोत्सव नन्दोत्सव एवं भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव के उपलक्ष्य मं 106 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे में लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आज संस्था ने भंडारे में दही बडा, पुड़ी, कचोडी, केसरीया खीर, केसरीया जलेबी, आलु चना टमाटर मिश्रित सब्जी, टोफी, चिप्स एव बिस्किट के पैकेट का वितरण आये हुए लगभग सभी श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के 37 वें वार्षिक उत्सव के सयुंक्त कार्यक्रम मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव,शिव दर्शन लीला, नन्दोत्सव एव छठी का सयुंक्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को कोलकाता से आये हुए मशहूर भजन गायक नरेन जी सोनी रास मंडली सुबोजीत राय एण्ड ग्रूप द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया किया गया। आज मंदिर परिसर को फुलों एवं गुबारों से सजाया गया था। भगवान श्री राज श्यामा जी भव्य दरबार सजाया गया था। भगवान श्री कृष्ण का झुला भी सजाया गया था। संस्था की महिलाओं सदस्यों ने अपने अपने गोपाल जी (लड्डू गोपाल) को सजाकर लाया गया था। कोलकाता से आये हुए गायक के द्वारा रास मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत में कान्हा का जन्मोत्सव लीला, शिव दर्शन लीला, नन्दोत्सव लीला, मीरा चरित्र लीला, छठी का कार्यक्रम का वर्णन नृत्य नाटिका में सचित्र प्रस्तुति एवं भजनों के माध्यम से बहुत ही सुन्दर रूप से वर्णन किया गया। कोलकाता से आयी हुई रास मंडली के साथ भजनों की मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी और ग्रूप एवं सज्जन पाड़िया, महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया इनके अलावा और भी भजन गायक रास मंडली का भजन गायन मे साथ दिया।

### आने वाला समय संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम काल होगा : पृथ्वीराज सिंह

**रांची।** संस्कृत भारती रांची के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन और छात्रों के मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के प्रान्त सहमन्त्री पृथ्वीराज सिंह ने संस्कृत छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम काल होगा। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान का समय प्रारम्भ हो चुका है। सारस्वत अतिथि प्रान्त शिक्षण प्रमुख डॉ.चन्द्रमाधव सिंह ने कहा कि संस्कृत सम्भाषण सीखना जितना सरल है उतना उपयोगी भी है। आज अनुसन्धान के क्षेत्र में लगे भारतीय वैज्ञानिक संस्कृत भाषा की तरफ आशा भरी दृष्टि से देख रहे हैं। मुख्य अतिथि संस्कृत प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि कोरोना काल ने संस्कृत भाषा के अस्तित्व को सिद्ध किया है।

### मेन रोड में चलने लगी फिर दुकानदारों की मनमानी, नगर निगम लापरवाह

**रांची।** राजधानी की हृदयस्थली कही जाने वाली अल्बर्ट एक्का चौक से लाइन टैंक रोड जाने वाले मार्ग की ओर मुड़ते ही नो वेंडिंग जोन का बोर्ड लगा है। लेकिन, इस बोर्ड के ठीक नीचे फल व अन्य मौसमी सब्जियों की अस्थाई दुकानें सजी रहती हैं। भला एक निर्जीव बोर्ड को क्या समझ में आए, जब इस मार्ग होकर रोजाना गुजरने वाले नगर निगम के अधिकारी व ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। हैरत कि बात है कि करीब पांच साल पूर्व ही जयपाल सिंह स्टेडियम के पास फुटपाथ दुकानदारों के लिए अटल वेंडर मार्केट बना कर दुकानें आवंटित कर दी गई थी। इस मार्केट का मुख्य उद्देश्य मेन रोड पर सड़क किनारे दुकानें सजा कर कपड़े की फेरी करने वाले और फल बेचने वालों को स्थाई जगह मुहैया कराई जा सके। इससे जाम की समस्या से थोड़ी निजात मिलने के साथ ही इन दुकानदारों को भी अपना व्यापार करने में भी सुलभता हुई। हालांकि, अभी भी अल्बर्ट एक्का चौक पर फेरी कपड़ा दुकानदार बेझिझक सड़क किनारे आवाज लगा कर ग्राहकों को लुभाते दिख जाएंगे। वहीं महिलाएं फल की टोकरी लिए बिक्री के लिए सुबह से शाम तक बैठी दिख जाएंगी। इतना ही नहीं, मुख्य जीपीओ के पास बैग-पर्स बेचने वाले फेरी दुकानदार अब भी जमे दिखते हैं। कई आला अधिकारियों की इस मार्ग होकर गुजरने के दौरान इन पर नजर तो जरूर पड़ती होगी, लेकिन, यह तो निगम ही बता सकता है कि आखिर उसकी क्या मजबूरी है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करती नगर निगम की टीम को नो वेंडिग जोन की बोर्ड की नाक के नीचे बैठे ये फल विक्रेता नहीं दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसे चिराग तले अंधेरा कहना कहीं से गलत नहीं होगा। ट्रैफिक पुलिस के जवान दिनभर अल्बर्ट एक्का चौक पर जाम हटाने में पसीने से तर बतर और परेशान दिखते हैं।

# भाजपाइयों ने चलाया मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम

## शहीदों के घरों से जमा की जा रही मिट्टी, भेजी जाएगी दिल्ली



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** भाजपा माराफारी मंडल की ओर से मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत 10 सितंबर को रितुडीह दुर्गा मंदिर परिसर में तुलसी माटी क्षेत्र के झोपड़ी कॉलोनी के वीर सपूतों के घरों की मिट्टी जमा किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह ने कहा कि माराफारी मंडल क्षेत्र की पवित्र मिट्टी को दिल्ली में एक विशाल वाटिका बनाकर रखा जाएगा. इसके माध्यम से देश के वीर सपूतों, शहीदों व पवित्र स्थलों को सम्मान देने का काम किया जा रहा है. मंडल अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद ने कहा कि आगामी 28 व 29 सितंबर को झारखण्ड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के माध्यम से बोकारो मे आगमन हो रहा है. 29 सितंबर को सेक्टर 12 मैदान में हो रहा है, उस दिन कार्यकर्ता शामिल होंगे. मौके पर जलेश्वर साह, इन्द्र कुमार झा, डॉ अशोक कुमार, द्वारिका नाथ सिंह, कामेश्वर सिंह, रामाधार यादव, संजू देवी, बबीता कुमारी, सोनिया हेंब्रम, अनिल गोराई, बैजयंती देवी, संतोष बर्मा, रामबिलास सिंह धनंजय चौबे आदि उपस्थित थे.

## गिरिडीहः मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

गिरिडीह। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में मेरी माटी, मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज व कुम्हरलालो में 10 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ पालगंज स्थित शहीद सीताराम उपाध्याय के पैतृक निवास स्थान महादेवमण्ड से प्रारंभ किया गया. कार्यक्रम में शहीद की मां से उनके घर की मिट्टी लेकर उसे एक कलश में जमा किया गया. पालगंज में कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश साव को बनाया गया था, जबकि कुम्हरलालो में प्रभारी विनय सिंह को बनाया गया था. इस मिट्टी को दिल्ली स्थित अमृत वाटिका में लगाया जाएगा. मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, अरविंद बर्णवाल, अमर सिन्हा, श्याम कुमार घोष, मयंक बर्णवाल, भोला साव, रामप्रसाद कुमार, दिनेश स्वर्णकार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## डीपीएस में पर्यावरण संरक्षण के लिए एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल मे रविवार को विद्यालय प्रांगण में एनसीसी प्रशिक्षक मिस प्रीति प्रभा और विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती की अगुवाई में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि पेड़ पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है।इस अवसर पर इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा की हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की। कहा की गुलामी से जब आजादी मिली होगी तो उस समय पूरे देश में एक खुशी, एक उत्साह का माहौल रहा होगा, आज देश आजाद है, गुलाम नहीं है, लेकिन प्रदूषण बड़ी समस्या है, गुलामी के समय में स्वतंत्रता सैनानियों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी, आज पूरे समाज की उसी आजादी के माहौल में पर्यावरण को सुधारने की लड़ाई लड़नी है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ और अशैक्षणिक स्टॉप के अलावा एन.सी.सी कैडेट्स मौजूद थे।

## रामगढ़ में 11 किलो लड्डू बांटकर बेबी देवी की जीत का कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**रामगढ़।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी की जीत पर रविवार को जेएमएम के पतरातू प्रखंड कोषाध्यक्ष सोहेल अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में घूम-घूम कर 11 किलो लड्डू बांटे. कार्यकर्ताओं ने नयानगर दुर्गी, बरकाकाना, हेहल, चैन गढ़ा आदि जगहों का भ्रमण कर आम राहगीरों एवं कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया. मौके पर जेएमएम के प्रखंड कोषाध्यक्ष सोहेल अंसारी ने कहा कि डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में मिली यह जीत झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इंडिया गठबंधन की जीत है. इस जीत के बाद विपक्षी खेमे में मायूसी है. आने वाले 24 चुनाव में भी झारखंड में हेमंत सोरेन की ही सरकार होगी. मौके पर मो. अमन, तबरेज अंसारी, राशिद अंसारी, मंसूर अंसारी, राजकुमार महतो, वासी अहमद, आसिफ अंसारी, गुल मोहम्मद, मो. बाबू, सुनील मुंडा, सहूद अंसारी मौजूद थे.

## 12 सूत्री मांगों के समर्थन में पदयात्रा पर निकले धनबाद निवासी मनोज हांडी का स्वागत




**बरही ।** नशा मुक्त भारत, सफाईकर्मियों को देशभक्ति और शहीद का सम्मान दिलाने सहित कुल 12 सूत्री मांगो के समर्थन में 3 सितंबर 2023 को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा पर निकले मनोज हांडी रविवार को करियातपुर पहुंचे. जिनका भीम आर्मी के जिला सचिव राहुल अंबेदकर के निर्देशन में प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव और उनके साथियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि श्री हांडी अगले दो महीने में देश की राजधानी नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी मांगों के समर्थन में आमरण धरना पर बैठेंगे. उपस्थित लोगों ने उनके जज्बे को सलाम किया. साथ ही इस नेक कार्य के लिए मनोबल बढ़ाते हुए हौसला अफजाई किया. स्वागत करने में इन दोनो के अलावा देवलाल ठाकुर, अजय राणा, सचिन टुड्डू, शिकारी हांसदा, राजेश कुमार, सुनील कुमार, मजनू भुइयां, सुरेंद्र भुइयां आदि शामिल थे.


## बुंडू में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बरही।** मलकोको पंचायत के बुंडू में फुटबॉल टूर्नामेंट का जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव और दुलमाहा के मुखिया नारायण यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा की खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से लाभ मिलते है. इससे आपसी एकता और भाईचारगी बढ़ती है, इसे हमेशा खेल भावना से खेलनी चाहिए.

## भूली ए ब्लॉक में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू

**धनबाद।** भूली अ ब्लॉक में इस वर्ष नवरात्र की पूजा व मेला 10 दिनों का होगा, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा. यह जानकारी भूली ए ब्लॉक श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा व काली पूजा समिति के के अध्यक्ष अखिलेश यादव व मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने दी. उन्होंने कहा कि इस वर्ष 15 अक्टूबर से नवरात्र की शुरूआत हो रही है. श्रमिक नगरी भूली अ ब्लॉक में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू हो गई है. क्योकि इस वर्ष भूली अ ब्लॉक में नवनिर्मित मां दुर्गा की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी. राम मंदिर कतरास व शक्ति मंदिर धनबाद के बाद इसकी तीसरा स्थान होगा, जिसका निर्माण 45 लाख से भी अधिक की राशि से हुआ है. प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य यज्ञशाला और मुख्य द्वार पर भव्य गेट का भी निर्माण होगा, जिसे गंगा आरती थीम से सजाने की बात चल रही है.

# बोकारो सेक्टर 12ः आवासीय ब्लॉक की सीढ़ी ढही , 21 लोगों का रेस्क्यू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के सेक्टर 12ई स्थित आवासीय ब्लॉक की सीढ़ी रविवार भोर साढ़े चार बजे भरभरा कर गिर गई। सूचना पर पहुंची बोकारो स्टील की फायर ब्रिगेड और सीआईएसएफ की टीम ने 21 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। दरअसल, बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित सभी आवासों की स्थिति जर्जर है लेकिन बोकारो स्टील प्रबंधन इस पर कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। दहशत के बीच घर में रहने वाली महिला चैताली आचार्य ने बताया कि लगभग साढ़े ग्यारह बजे ब्लॉक के छज्जे के गिरने का आवाज सुनाई दी। इसके बाद पहले सुबह जोर की आवाज हुई और सीढ़ी और पानी टंकी पूरी तरह से भरभरा कर गिर गई। महिला ने बताया कि उन्हें लगा कि उनके आवास का छत भी अब गिर जाएगा। किसी तरह दहशत के बीच सुबह होने का इंतजार करते रहे। साथ ही कहा कि आवास की स्थिति ठीक नहीं है और पूरी तरह से खतरों के बीच हम लोग रहने को मजबूर हैं। रेस्क्यू करने आए सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि ब्लॉक में फंसे 21 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि टंकी से पानी के रिसाव के कारण ब्लॉक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त था।

### मामला : सेनको गोल्ड डकैती कांड

# बंगाल पुलिस की हिरासत में बिट्टू सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया और नदिया जिले में बीते 27 अगस्त को सेनको गोल्ड के दो आउटलेट में हुई डकैती में गोशाला ओपी क्षेत्र निवासी अशोक सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को शनिवार की देर रात हिरासत में ले लिया गया है. हालांकि इसकी जानकारी स्थानीय गोशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार को नहीं है. प्रेसवार्ता कर पुरुलिया एसपी ने जानकारी दी थी कि इस घटना के तार धनबाद जिले के चासनाला साउथ कालोनी से जुड़े हैं. इसे लेकर पुरुलिया डीएसपी सहित पुलिस टीम चासनाला साउथ कालोनी निवासी कमलजीत सिंह सिद्धू को साथ लेकर उसके घर पहुंची. पुलिस ने घर खोलकर रखे बक्से, आलमारी को खंगाला. जहां से पुलिस ने कागजात, एटीएम कार्ड सहित स्वर्ण आभूषण बरामद किया. और उसे जब्त कर बंगाल ले गई. पुरुलिया डीएसपी ने बताया कि डकैती कांड में पकड़े गए मुख्य अभियुक्त कमलजीत सिंह सिद्धू ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. इसकी निशानदेही पर गोशाला के बिट्टू सिंह को भी हिरासत में लिया गया है. पुरुलिया पुलिस के अनुसार बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की रात सुदामडीह थाना क्षेत्र में जाल बिछाकर मुख्य अभियुक्त कमलजीत सिंह को गिरफ्तार किया था. डकैती कांड में 7 अपराधी शामिल थे. जिसमें दो की गिरफ्तारी हुई है. वहीं अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम बनाकर छापेमारी कर रही है. एसपी ने बताया कि झारखंड में अपराधियों ने घटना की योजना बनाई थी. इसे लेकर विगत 20 अगस्त से अपराधियों द्वारा रेकी की जा रही थी. अपराधियों ने आसनसोल में भी घटना को अंजाम दिया था. बताया जा रहा है कि नदिया जिले के राणाघाट और पुरुलिया जिले के नमोपारा में सेनको गोल्ड की दो दुकानों में डकैती की घटना हुई थी. पुरुलिया में हुई घटना में हथियारों से लैस आठ बदमाशों ने दुकान में घुसकर 7 लाख की गहने की लूटपाट की थी.

## सिटी एसपी अजीत कुमार ने संभाला पदभार



**धनबाद।** धनबाद में 18 महीने तक सिटी एसपी का पद खाली रहने के बाद रविवार 10 सितंबर को अजीत कुमार ने जिम्मेदारी संभाल ली है. नये सिटी एसपी ने पदभार संभालने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले को नक्सली आतंक व अपराध मुक्त बनाना है. विभाग के वरीय अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के साथ तालमेल बिठाकर अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी. बता दें कि सिटी एसपी आर राम कुमार का 5 अप्रैल 2022 को तबादला हो गया था. उन्हें लोहरदगा का एसपी बनाया गया था. उसके बाद ग्रामीण एसपी ही सिटी एसपी के प्रभार में चल रही थी. परंतु 26 जुलाई 2023 को ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन का भी तबादला कर पलामू एसपी बना दिया गया. इस तरह 18 महीने तक पद खाली रहा. अजित कुमार जिले चौथे सिटी एसपी होंगे. इसके पहले 2016-17 अंशुमान कुमार, पीयूष पांडेय 2017- 19 व आर राम कुमार 2019-22 तक इस पद की शोभा बढ़ा चुके हैं.

## जमशेदपुर : धातकीडीह में मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया मछली बाजार का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के धातकीडीह में रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा खुदरा मछली बाजार का उद्घाटन किया गया. इस बाजार का निर्माण केंद्र प्रायोजित योजना ब्लू रिवॉल्यूशन के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से किया गया है. इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतार रहा है. सभी वर्गों के सामाजिक, आर्थिक दिशा में प्रगति को लेकर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा. उन्होंने कहा कि यह बाजार लोगों को ताजा मछली उपलब्ध कराएगा. इस अवसर पर मत्स्य प्रसार पदाधिकारीअमरेंद्र कुमार वर्मा, स्वप्न कुमार, प्रधान चंद महतो, नमिता मोहंती, यादुनाथ सोरेन और रविलाल भुईयां को मत्स्य मित्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गय. इस मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अलका पन्ना उपस्थित थे.

## धनबाद : झारखंड आंदोलनकारियों ने बेबी देवी की जीत पर निकाला जुलूस

**धनबाद।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष महासभा ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बेबी देवी की जीत की खुशी में रविवार 10 सितंबर को विजय जुलुस निकाला. जुलूस का नेतृत्व कर रहे महासभा के वरीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने कहा कि डुमरी की जनता ने बेबी देवी को जीता कर दिवंगत जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दिया है. जुलूस में दर्जनों लोगो ने भाग लिया. लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया. जुलूस में मुख्य रूप से शिबू मंडल, बालकिशुन रजवार, छत्रपति महतो, जेके मोहली, निवारण मंडल, भोला प्रमाणिक, भवतोष कुमार महतो, बानेश्वर महतो, अशोक रवानी, दुर्गा प्रसाद महतो, सेवा राम महतो, सागर सिंह, रामजान मियां सहित अन्य मौजूद थे.

## घाटशिला : विभिन्न दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन



**जमशेदपुर।** मऊभंडार के टुमागडूंगरी आदिवासी क्लब के समीप विभिन्न दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. सभी का विधायक रामदास सोरेन ने माला पहनाकर स्वागत किया. मौके पर विधायक ने कहा क्षेत्र में मूल रूप से कई समस्याएं हैं जैसे बरसों से सरकारी जमीन एवं वन विभाग के जमीन पर घर बनाकर रह रहे लोगों को अभी तक सरकार की ओर से वन पट्टा एवं भूमि बंदोबस्त नहीं किया गया है. विधायक ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के रूप विकसित करने के लिए रातमोहना का विकास किया जाएगा. जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके.

## जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज के 'सतरंग' में विद्यार्थियों ने बिखरी सतरंगी छटा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में कॉलेज की संस्था स्पार्क (सोसायटी फॉर प्रोमोटिंग आर्ट एंड कल्चर) छात्र मंच की ओर से आयोजित सतरंग उत्सव के तहत रविवार को ह्लरक्सह्व का आयोजन किया गया. यह एक नृत्य प्रतियोगिता है. इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नृत्य कला को बढ़ावा देना और नृत्य के लिए उत्सुक छात्र-छात्राओं को एक मंच प्रदान करना है. प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रस्तुतीकरण की. इसमें अर्ध शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य आदि शामिल रहा. निर्णायक मंडली में नृत्य प्रतिपादक संदीप बोस एवं नृत्य गुरु तरित सरकार शामिल थे. उन्होंने सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया.

### ट्रांसजेंडर मामले पर सम्मेलन आयोजित

# सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करे : राजेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ट्रांसजेंडर को ओबीसी में शामिल करने को लेकर सरकार के निर्णय पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के फॉर्मर सदस्य सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सवाल उठाया है। प्रसाद ने कहा कि ट्रांसजेंडर का मामला राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में लंबित है। आयोग के मंतव्य के बिना ओबीसी में शामिल करना असंवैधानिक व ओबीसी के अधिकारों से खिलवाड़ है। सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करे। प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन ने एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्मिक विभाग के द्वारा ट्रांसजेंडर को ओबीसी में शामिल करने को लेकर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को एक पत्र पत्रांक 2413 दिनांक 11. 4. 2022 को पत्र लिखकर आयोग से मंतव्य मांगा गया था। कार्मिक विभाग के पत्र में भारत सरकार के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा ट्रांसजेंडर के मामले में कुछ सुझाव के आधार पर भारत सरकार ने झारखंड सरकार को एक पत्र भेजा था। इसी के आलोक में कार्मिक विभाग ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को पत्र लिखा था। इस पत्र के आधार पर इस मामले को आयोग के अध्यक्ष जस्टिस लोकनाथ प्रसाद ने मुझसे अध्ययन कर मंतव्य मांगा था। इसके बाद दिनांक 7 .4.2022 को जस्टिस लोकनाथ प्रसाद आयोग के अध्यक्ष के अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें कार्मिक विभाग को भी बुलाया गया था और कार्मिक विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक शामिल हुए थे। दूसरी बैठक दिनांक 4. 8. 2022 को आयोग की ओर से बुलाई गई थी लेकिन अध्यक्ष के तबीयत खराब होने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया था। अभी यह मामला राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में निलंबित है।

### आस्था

## हजारीबाग में राधा-कृष्णाष्टमी पर नंद महोत्सव, सैकड़ों कृष्ण भक्त हुए शामिल

# हरे कृष्ण की धुन पर भगवान को कराया गया नगर भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** भक्ति वेदांत विद्या भवन इस्कॉन की ओर से भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में रविवार को डाक बंगला कार्मल चौक के पास स्थित पैराडाइस रिसोर्ट में हरे कृष्ण कार्यक्रम नंद महोत्सव का आयोजन किया गया. इस्कॉन की ओर से पैराडाइस रिसॉर्ट में रविवार को सैकड़ों की संख्या में कृष्ण भक्त एकत्रित हुए और और श्रद्धा, आस्था व भक्तिभाव से उत्सव मनाया. इसके पहले हजारीबाग शहर में भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण भी कराया गया. भक्त हरे कृष्ण की धुन पर झूमते, नाचते और गाते नजर आए. नगर भवन के बाद पैराडाइस रिसॉर्ट में यज्ञ का आयोजन किया गया. इस पूरे आयोजन का नाम श्री कृष्ण जन्माष्टमी गौर निताई प्राण-प्रतिष्ठा कहा गया. नरसिंह महायज्ञ में भी काफी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया. कृष्ण भक्तों ने कहा कि शांति एवं रक्षा के लिए महायज्ञ किया जा रहा है. उसके बाद राधा कृष्ण का महा अभिषेक किया गया. संकीर्तन विवेकानंद सेंटल स्कूल के पास से प्रारंभ हुआ. शाम में भागवत कथा और बच्चों की ओर से आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ. फिर छप्पन भोग, दर्शन, आरती एवं कीर्तन का आयोजन किया. वहीं महाप्रसाद का भी वितरण किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण का महाअभिषेक रहा. इसमें सभी भक्तों को अभिषेक करने का अवसर दिया गया और सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई. बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक और संचालक श्याम ब्रज विलास दास प्रभु, उतानपाद दास प्रभु, ओमप्रकाश प्रभु और उज्ज्वल प्रभु थे. कार्यक्रम में गुरुकुल के बच्चों का भी आगमन हुआ. कार्यक्रम के संयोजक श्याम ब्रज विशाल दास प्रभु जी ने जानकारी दी कि जन्माष्टमी के बाद भगवान मथुरा से गोकुल पहुंचे थे. उसे वक्त दो से तीन दिनों बाद नंद महाराज ने बड़ा आयोजन किया था. इसे नंद उत्सव कहा गया. इसमें नंद महाराज ने करोड़ों ब्राह्मण को गाय दान किया था और ग्राम भोज कराया था. उसी उपलक्ष्य में हजारीबाग में भी नंद उत्सव मनाया गया. उन्होंने यह भी कहा कि धर्म की स्थापना के लिए भगवान अवतरित हुए थे और धर्म की रक्षा की गई थी. समाज में धर्म और अध्यात्म की बदौलत ही हृदय शुद्ध होता है. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का नारा दिया है, लेकिन अगर मन स्वच्छ नहीं होगा, तो यह अभियान भी पूरा नहीं होगा.

# इचाक में चला 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत झारखंड बीजेपी की ओर से विशेष अभियान की शुरूआत हुई. एक से 17 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के तहत नौ और 10 सितंबर को विशेष अभियान चलाया गया. इसके तहत गांव एवं शहरों में घर-घर से मिट्टी संग्रह किया गया. इसी क्रम में जिले के इचाक प्रखंड के दरिया गांव में हर घर से मिट्टी लेकर संग्रह किया गया. इस दौरान गाजे-बजे के साथ गांव की गलियों में कार्यकताओं ने मिट्टी संग्रह किया. कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण और कार्यकताओं दोनों में उत्साह भी देखने को मिला. दरअसल दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका के लिए भाजपा कार्यकताओं की ओर से किए जा रहे मिट्टी संग्रह अभियान के तहत जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं है, वहां से एक मुट्ठी चावल लिए जा रहे हैं. इसके अलावा पांच तुलसी के पत्ते लिए जा रहे हैं. आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में




पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है. मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि प्रत्येक गांव से एक मुट्ठी मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है. इसके लिए भाजपा कार्यकताओं की टोली कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश के तहत प्रत्येक मोहल्ले, गांव, कस्बे, वार्ड स्तर से, शक्ति केंद्र के हर गांव कस्बे से पवित्र मिट्टी का संग्रह किया जा रहा है. इस संग्रहित पवित्र मिट्टी को एकत्रित कर पूरे विधि-विधान के साथ प्रदेश स्तर पर भेजा जाएगा. प्रदेश स्तर से संग्रहित कर मिट्टी को राष्ट्र स्तर पर भेजा जाएगा. उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में सभी प्रदेशों से संग्रहित मिट्टी से राष्ट्रीय स्तर पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा. कार्यक्रम में भाजपा के जिला मंत्री सह इचाक पूर्वी के प्रभारी नंदलाल मेहता, इचाक पूर्वी के मंडल अध्यक्ष जननंदन मेहता, बद्री मेहता, बीरबल मेहता, सुरेश मेहता, बलदेव मेहता, जगदीश मेहता, अशोक मेहता, दामोदर मेहता, संजय मेहता, हरिहर मेहता, भेखलाल मेहता, बद्री मेहता, छत्रधारी मेहता, राजेंद्र मिश्र, धारी राम, चंद्र राम, बैजनाथ मिश्र, सतीश मेहता, रोहित मेहता, रोशन कुमार, बिपिन कुमार, रियाश कुमार, अर्जुन मेहता, शेखर कुमार, द्वारिका मेहता, मनोज मेहता, बंशी मेहता, बंगली मेहता समेत कई लोगों ने भाग लिया.

- भाजपाइयों ने गांव और शहर में घर-घर से किया मिट्टी संग्रह
- कई लोगों ने दिए एक मुट्ठी चावल और पांच तुलसी के पत्ते

बरही प्रेस क्लब का आभार सह मिलन समारोह

## 13 को मिलेगा निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय के सभागार में बरही प्रेस क्लब के नव निर्वाचित कमेटी की ओर से अभार सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष राजदेव गुप्ता और संचालन कोषाध्यक्ष जयदीप कुमार सिन्हा ने किया. सचिव सोनू प्रजापति ने बताया कि बरही प्रेस क्लब के चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीको से संपन्न करवाने वाले निवार्ची पदाधिकारियों के प्रति आभार और क्लब के सदस्यो के आपसी रिश्तों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जिसमें क्लब की लगभग सभी सदस्य, सलाहकार और नव निर्वाचित कमेटी के सदस्यों ने अपनी बातो को रखा और क्लब की मजबूती पर चर्चा किया. सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुरेंद्र निषाद, रितेश गुप्ता और सोमनाथ ठाकुर को शामिल किया गया. अंत में निवार्ची पदाधिकारी श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति और दयानंद चौरसिया को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर निर्वाचित सदस्यों के द्वारा आभार प्रकट किया गया. अध्यक्ष के अनुरोध पर निर्वाची पदाधिकारियों ने 13 सितंबर को सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देने की बात कही गई. सभी निवार्ची पदाधिकारियों ने उपस्थित सदस्यो को हर संभव उचित मार्गदर्शन, सलाह और संरक्षण देने के सात सभी नवनिर्वाचित सदस्यो को शुभकामनाये और बधाई दिया. सदस्यो ने भी उनके मान सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने की बात कही. कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय कुमार, कृष्णा यादव, संयुक्त सचिव कमल शंकर पंडित, उपसचिव कुनकुन सोनी, कार्यकारिणी सदस्य पंचम पाण्डेय, योगेंद्र प्रजापति सहित बरही प्रेस क्लब के बिपिन बिहारी पांडे,, राजेश केशरी, रूपेश चंद्रवंशी, धनंजय कुमार, पप्पू केशरी आदि उपस्थित थे.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का एकदिवसीय बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में रविवार को जेबीकेएसएस के बैनर तले बैठक किया गया। बैठक में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की एक सभा आगामी तिथि में सूर्यकुण्ड धाम मेला टांड में करने का निर्णय लिया गया। वहीं उपस्थित युवाओं के द्वारा बारी-बारी से हेमंत सोरेन सरकार के नितियों को कोसा गया ओर आने वाले विधानसभा चुनाव में मुहतोड़ जवाब देने की बात लोगों ने कहा।वहीं स्थानीय विधायक के क्रियाकलापों को कोसते हुए बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि अंचल कार्यालय,प्रखंड कार्यालय से लेकर सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार के प्रति स्थानीय विधायक के रवैया निंदनीय है। कहा कि जिस प्रकार से राष्ट्रीय राजमार्ग सिकस्लेन चौडीकरण निर्माण कार्य को सुस्त तरीके से किया जा रहा है, इससे लोगो में रोष व्याप्त है। कहा कि आने वाला समय झारखंड की राजनीति में जयराम महतो का होगा और झारखंडी हितों की रक्षा करने के लिए जयराम महतों से बेहतर विकल्प ओर कोई नहीं हो सकता । बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार, अनुज कुमार पाण्डेय, प्रमोद यादव, कालेश्वर पाण्डेय, मुकेश कुमार तिवारी, जयराज पासवान, घनश्याम सिंह, आशिष पाण्डेय, रिकूं माली, सुरेश सिंह, श्याम वर्णवाल, शेषनाथ सिंह, रिकूं पासवान, संतोष पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, राजू पासवान, काली सिंह, सचिन पासवान, मुंशी मांझी, सुखदेव सिंह, खगेन्द्र सिंह, गौतम नायक, अरूण नायक, अभय पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, बब्लू पासवान, इंद्रदेव पाण्डेय, छोटी राम के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### जल मीनार से पाइप की चोरी, पेयजलापूर्ति हुई ठप

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़-गिद्दी हीरक सड़क मार्ग के किनारे ओरला जंगल में निर्मित जलमीनार से चोरों ने बीती रात में पेयाजलापूर्ति के लिए लगे कीमती पाईप की चोरी कर ली। जलमीनार के पानी भंडारण पाईप की चोरी होने को लेकर नीलेश कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यरत कर्मी जितेंद्र मुंडा व सौरभ कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि रविवार की सुबह सात बजे जितेंद्र मुंडा जब गांवों में जलापूर्ति के लिए बल्ब खोलने गए तो देखा कि जलमीनार में पानी चढ़ाने के लिए लगाया गया रेजिंग का 150 एमएम का आठ मीटर व वॉशआऊट का 9 मीटर पाइप गायब है। कंपनी के अनुसार चोरी गए पाइप की कीमत करीब दो लाख रुपए बताया जा रहा है। पाइप के चोरी होने के बाद हर घर नल जल योजना अभियान के तहत ओरला, झरना टोला, डटमा, सिमराटांड़ समेत निकटवर्ती गांवो में पेयजलापूर्ति सेवा ठप पड़ गई।

## डुमरी उपचुनाव में झामुमो की जीत पर बरकट्ठा में जश्न मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंड विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी के डुमरी में प्रचंड जीत की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली एवं इंडिया अलायंस दलों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय से विजय जुलूस निकाला और जीत का जश्न मनाया। इस रैली का नेतृत्व झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली के कुदुश अंसारी के द्वारा की गई। जुलूस में मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा के जेएमएम उम्मीदवार प्रो० जय प्रकाश वर्मा एवं कोडरमा जिला सचिव श्यामदेव यादव एवं माले के राज्य कमिटी सदस्य भुनेश्वर केवट थे। विजय जुलूस में केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, प्रमोद गुप्ता, माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, कांग्रेस पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रदेश प्रतिनिधि मंडल सदस्य संतोष कुमार देव, राजद प्रखंड अध्यक्ष असमत अंसारी शामिल थे। जुलूस में आतिशबाजी के साथ मिठाई बांट कर झामुमो के कार्यकताओं ने जश्न मनाया। जुलूस प्रखंड मुख्यालय से मिडिल स्कूल तक, वापस जीटी रोड बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पदयात्रा कर विजयी जुलूस निकाला गया। वहीं इंडिया अलायंस के कार्यकर्ताओं ने जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया, डुमरी झांकी है, 2024 बाकी है। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकताओं ने कहा कि डुमरी उपचुनाव की जीत संकेत है कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार के साथ है। भाजपा-आजसू के झूठे वादों को जनता ने नकार दिया है। विजय जुलूस में झारखंड आंदोलन कारी नेता धीरेन्द्र पांडेय, प्रखंड सचिव राजाराम मांझी, महेश मांझी, निजाम अंसारी, राधा देवी, सीताराम वर्मा, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, राजू मांझी, सोमर मांझी, कांग्रेस के समसुद्दीन अंसारी, माले के नागेश्वर साव, तुलसी नायक, किशुन मोदी, जीवन साव, बिसुन यादव, रघु भुईया, हीरालाल पासवान, राजद के रमेशचंद्र यादव, खालिद खलील, शब्बीर अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामगढ़: लाठी खेल से सांप्रदायिक सौहार्द की भावना जागृत होती है : ममता देवी



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के उरबा ब्यांग में यादगार हुसैन चेहल्लुम कमेटी द्वारा लाठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मौजूद थे. मौके पर मेहताब राही, आरिफ, जहांगीर अंसारी, मोतीउल्ला अंसारी, हजरत हुसैन, मनवर आलम, इकबाल अंसारी, अब्दुल कादिर, जफार अंसारी, चांद आलम, इनायत, नौशाद, मनावर, आसिफ, तौसीफ, अफरोज, मुजीज, शाहनवाज, तबारक हुसैन, तौसीफ, अनवर, समीर, वारिस, गुलाम रसूल, तौकीर, दीदार अंसारी, नौशाद हमजा, मकसूद, ताहिर,तैयब, साहिल, याकूब,जाहिद राजा व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग : सरकारी सेवकों ने बनाया एसटी-एससी संगठन, विजय मशीह बने अध्यक्ष

**हजारीबाग।** शहर के पतरातू पैलेस में रविवार को अनुसूचित जाति, जनजाति सरकारी सेवक कर्मियों ने बैठक कर एसटी-एससी संगठन बनाया. शिक्षक विजय मशीह संघ के अध्यक्ष चुने गए. इससे पहले बैठक की अध्यक्षता करते हुए विजय मशीह ने मौजूद 50 से अधिक सहयोगियों से कहा कि कदम ऐसा रखें कि निशान बने. काम ऐसा करें कि समाज में पहचान बने. वहीं राजेश्वर कुमार सहित सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया. मौके पर कार्यवाहक संचालन समिति का गठन किया गया. इसके सचिव रामविलास पासवान, उपाध्यक्ष राजेश्वर कुमार व कालीचरण राम, संयुक्त सचिव विनोद दास मनोज व कुमार दास, कोषाध्यक्ष रौशन एलन मरांडी, संगठन मंत्री संजय चंद्रा, अंकेक्षक महेंद्र राम, मीडिया प्रभारी आरिफ व यमुना राम, सोशल मीडिया प्रभारी संजय रजक एवं संरक्षक राजू राम व डॉ. भागवत राम बने. अध्यक्ष ने बताया कि संगठन का विस्तार किया जाएगा. प्रत्येक महीने नियमित रूप से बैठक होगी. एसटी-एससी सभी सरकारी सेवकों को इससे जोड़ा जाएगा. वहीं संगठन एक-दूसरे साथी एवं परिवार के सुख-दुःख में सहभागी बनेगा.

## बरकट्ठा में जदयू की बैठक, संतोष बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तुईयो पंचायत भवन में जनता दल यूनाइटेड पार्टी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया शंकर रविदास व उप प्रमुख प्रतिनिधि ऊतिम महतो ने किया।वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश सचिव सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन मेहता, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह एवं हजारीबाग जिले के बसंत मेहता, भीम मेहता, मुनीरूद्दीन अंसारी, छोटी राणा उपस्थिति थे। बैठक में सर्वसम्मति से संतोष कुमार चंद्रवंशी को प्रखंड अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव छात्र मोर्चा प्रभारी, मनीष यादव को युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरस्वती देवी,अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इसराइल मियां,ओबीसी महिला मोर्चा की अध्यक्ष मंजू देवी को बनाया गया। मौके पर अर्जुन मेहता ने कहा कि इस बैठक के माध्यम से बरकट्ठा में जदयू अपना संगठन मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं जदयू के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचायें। मौके पर मित्तलाल प्रसाद, राजेश प्रसाद, किशुन राणा, राम प्रसाद राम, वीरेंद्र राणा, वीरेंद्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, अनिल कुमार, चंद्रिका प्रसाद, संजय कुमार महतो, सुशील प्रसाद, विजय प्रसाद, संजय प्रसाद, बबलू, सुमन, बसंत कुमार, इसराइल, लालमणि, वीरेंद्र, संतोष ठाकुर, केसिया देवी, गुड़िया देवी, लीला देवी, धमनी देवी, रूपा देवी, दिलीप गोस्वामी, विकास, संतोष गोस्वामी, मुबारक अंसारी, सद्दाम अंसारी, महेश पासवान, उमेश पासवान, मनोज रविदास, मोहन रविदास, सोहन रविदास, संदीप प्रसाद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आजसू ने ब्लीचिंग पाउडर का किया छिड़काव



**रामगढ़ ।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निदेर्शानुसार रामगढ़ प्रखण्ड के बारलोंग पंचायत के विभिन्न कुओं पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो डीएम, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, कुंदरु कलां मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा, पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष महतो, बुद्धिजीवी मंच सचिव चिंतामनी महतो ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर अजय महतो, ललिता देवी, सीता देवी, जगदेव महतो आदि मौजूद थे.

**प्रतियोगिता** | खेल झारखंड के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्पोर्ट्स सह एथलेटिक्स कार्यक्रम शुरू, पहला दिन 10 विद्यालय शामिल

# खेल प्रतिभाओं को निखारना सरकार का मुख्य उद्देश्य : बीईईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** खिलाड़ियों को निश्चित सम्मान और प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसी के तहत रविवार को बीआरसी की ओर प्रखंड मैदान बरही ने दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय स्पोर्ट्स सह एथलेटिक्स कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. जिसका शुभारंभ बीईईओ रामशरण दांगी, बीएसए मुख्य संरक्षक और उपस्थित शिक्षको ने किया. बीईईओ ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों की टीम भाग ले रहे है. प्रखंड स्तर पर विजेता बनी टीम जिला स्तर पर खेलेगी जहां सफल होने वाली टीम रांची में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे. जहां सफलता के बाद राज्य सरकार के द्वारा सम्मानित किया जाएगा. जिसका मुख्य उद्देश्य झारखंड में खिलाड़ियों के प्रतिभाओं को निखारना और सम्मान देना है. खराब मौसम के कारण रविवार को सिर्फ कबड्डी का खेल ही आयोजित किया गया. जिसमे यु -17 बालिका ग्रुप के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्लस 2 उउ विद्यालय विजैया, करियातपुर, उउ विद्यालय खोड़ाहर, केवाल और परियोजना बालिका उवि बरही के छात्राओं ने यु-14 बालक वर्ग के लिए बेसिक स्कूल पंचमाधव, उउ विद्यालय केवाल, मवि करसो, बरही, हरीला, बरहीडीह और यु-14 बालिका ग्रुप के लिए मवि करसो, बरहीडीह, हरिला, बुनियादी विद्यालय पंचमाधव, उमवि कारीमाटी, उउवि केवाल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरसोत, प्लस टू उवि करियातपुर, मवि बरही के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रथम दिन के कबड्डी मैच के फाइनल में यु-19 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बालिका यु-17 में उउवि खोड़ाहर, बालक यु-17 में उउवि केवाल और बालक यु-14 में मवि बरहिडीह विजेता बना. यह सभी टीम सोमवार को जिला में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे. कार्यक्रम सफल बनाने में बीआरसी के संजय राणा, अरुण कुमार, पंकज कुमार सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार, रविकांत ओम, अयोध्या प्रजापति, मथुरा प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद आर्य, संजय दुबे, मनोज घोष, रणजीत सिंह, दीपक कुमार यादव, निर्मला देवी, सुनिता कुमारी, रेशमी द्विवेदी, मनीषा कुमारी आदि ने महती भूमिका निभाई. प्रतियोगिता में विजय कुमार दास और किशोर कुमार ने बतौर रेफरी महत्वपूर्ण योगदान दिया. सोमवार को खेलो झारखंड कार्यक्रम के दूसरे दिन का खेल होंगे.





